# न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, विकासनगर, देहरादून।
## प्रकीर्ण प्रार्थना पत्र सं0—281/2026

**<u>दिनांक—11.05.2026</u>**

प्रार्थी श्री योगेश पाल पुत्र श्री सुखपाल सिंह, निवासी — वार्ड नं0—02, सहारनपुर रोड, आदर्श विहार, हरबर्टपुर, फतेहपुर, जिला देहरादून, की ओर से धनराशि रिलीज प्रार्थनापत्र प्रस्तुत कर कथन किया गया है कि प्रार्थी दिनांक 25.08.2025 को साईबर ठगी का शिकार हो गया था, जिसकी शिकायत प्रार्थी द्वारा थाना विकासनगर में दी गयी तथा जिसमें प्रार्थी के खाते, खाता सं0—09302191014912, आई०एफ०एस०सी० कोड PUNB0107200 पंजाब नैशनल बैंक शाखा ढकरानी, जिला देहरादून से मु० 13,600/—रू0 की धनराशि एक ट्रांजेक्शन के माध्यम से किसी अज्ञात व्यक्ति जिसका खाता नं0:—40107394654 आई०एफ०एस०सी० कोड SBIN0060235 शाखा भारतीय स्टेट बैंक द्वारा निकाल ली गयी थी जिस पर थाना विकासनगर की पुलिस द्वारा प्रार्थी के खाते की मु० 13,260/—रू0 की धनराशि को फ्रीज/होल्ड करवा दी गयी थी। प्रार्थी द्वारा अपनी उपरोक्त धनराशि मु0 13,260/—रू0 की अतिआवश्यकता है जोकि प्रार्थी के मेहनत की कमाई है। शपथकर्ता उपरोक्त वाद में माननीय न्यायालय के आदेशों को पालन करेगा तथा समय—समय पर माननीय न्यायालय में उपस्थित होता रहेगा। प्रार्थी माननीय न्यायालय के आदेशानुसार संतुष्टिपरक अंडरटेकिंग देने को तैयार है। उक्त वाद में खाता नं0:—40107394654 आई०एफ०एस०सी० कोड SBIN0060235 शाखा भारतीय स्टेट से धनराशि मु0—13,260 /—रुपये को प्रार्थी के खाते, खाता सं0—09302191014912, आई०एफ०एस०सी० कोड PUNB0107200 पंजाब नैशनल बैंक शाखा ढकरानी, जिला देहरादून में रिलीज/ट्रांसफर कराये जाने हेतु आदेश पारित करने की कृपा करें।

**2.** अभियोजन की ओर से विद्वान सहायक अभियोजन अधिकारी उपस्थित। प्रार्थी की ओर से विदुषी अधिवक्ता सिमरन खान को सुना तथा उपलब्ध प्रपत्रों का अवलोकन किया।

**3.** इस संबंध में कोतवाली विकासनगर, जिला देहरादून से रिपोर्ट मंगाई गई। थाने से प्राप्त आख्या इस आशय की दी गयी है कि प्रार्थना पत्र आवेदक योगेश पाल पुत्र श्री सुखपाल सिंह निवासी वार्ड न0 2 सहारनपुर रोड, आदर्श विहार हरबर्टपुर विकासनगर देहरादून साईबर पोर्टल शिकायत सं0— 33505250015532 में आवेदक की होल्ड/सीज धनराशी रिलीज करने विषयक के सम्बंध में सादर अवगत कराना है कि आवेदक योगेश पाल उपरोक्त की शिकायत सं0—33505250015532 में कुल धोखाधड़ी सम्बंधी धनराशी 13600 रुपये में से 13260 रुपये धनराशी लीन अमाउंट (पुट ऑन होल्ड) है, उक्त होल्ड धनराशि सम्बंधित बैंक की जाँच के उपरान्त आवेदक योगेश पाल उपरोक्त की पाये जाने पर आवेदक के पक्ष में रिलीज किये जाने में कोई आपत्ति नही है। रिपोर्ट सादर सेवा में प्रेषित है।

**4.** इस सबंध मे साईबर क्राईम पुलिस स्टेशन, उत्तराखण्ड, की आख्यानुसार साईबर हैल्पलाईन 1930 के माध्यम से NCRP MHA PORTAL पर दिनांक 25—08—2026 को शिकायतकर्ता श्री विकास पाल निवासी हर्बटपुर, फतेहपुर थाना विकासनगर जिला देहरादून, उत्तराखण्ड़ शिकायत दर्ज कराई गई है। जिसका Acknowledgement No-33508250015532 है। अवगत कराना है कि 1930 के माध्यम से शिकायतकर्ता की शिकायत एनसीआरपी पोर्टल पर

दर्ज कर दी जाती है तत्पश्चात शिकायत ऑनलाईन सम्बन्धित थाने पर स्थानात्तरित कर दी जाती है व जॉच सम्बन्धित थाने से ही की जाती है। एनसीआरपी पोर्टल से सम्बन्धित Acknowledgement No-33508250015532 की डिटेल संलग्न है। उक्त सम्बंध मे जाँच थाना विकासनगर, देहरादून मे प्रचलित है। होल्ड अमाउन्ट डिटेल्स –

1- SBI BankA/C-40107394654, IFSC-SBIN0060235, HOLD Amount-13260/-Rs.
VICTIM DETAILS-
VICTIM NAME-YOGESH PAL
VICTIM BANK-PNB A/C-NO-09302191014912
IFSC CODE-PUNB0107200

**5.** प्रार्थी की ओर से प्रस्तुत प्रार्थना पत्र तथा कोतवाली विकासनगर, जिला देहरादून द्वारा प्रस्तुत आख्या के अवलोकन से प्रार्थी कोतवाली विकासनगर, की आख्या में वर्णित धनराशि का होल्ड होना विदित होता है। उक्त धनराशि को रिलीज किये जाने में कोतवाली विकासनगर/अभियोजन की ओर से कोई आपत्ति प्रस्तुत नहीं की गयी। अतः उपरोक्त परिचर्चा के आधार पर न्यायालय का मत है कि प्रार्थी से अण्डरटेकिंग व प्रतिभू लिये जाने पर उसके पक्ष में कथित धनराशि सशर्त अवमुक्त किया जाना न्यायसंगत प्रतीत होता है।

**5.** उक्त परिस्थितियों में प्रार्थनापत्र इस शर्त के साथ स्वीकार किया जाता है, कि प्रार्थी **मु0 13,260/–रूपये** का व्यक्तिगत बंधपत्र तथा इस आशय की अण्डरटेकिंग दाखिल करे कि दौराने परीक्षण यदि उक्त धनराशि प्रार्थी की नहीं पायी जाती है तो वह उक्त धनराशि न्यायालय आदेश पर जमा करेगा। तद्नुसार साइबर क्राईम सैल की आख्या व कोतवाली विकासनगर की आख्या एवं प्रार्थनापत्र में वर्णित सम्बन्धित बैंक के शाखा प्रबन्धक को निर्देशित किया जाता है कि वह उक्त होल्ड धनराशि को प्रार्थी श्री योगेश पाल के पक्ष में रिलीज करे।

इस आदेश की एक प्रति सम्बन्धित को अनुपालन हेतु प्रेषित की जाये।

(जतिन मित्तल)
प्रभारी– अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
विकासनगर, देहरादून।